http://www.cgboardonline.com



# D-191001–C

## विषय : हिन्दी ( विशिष्ट )

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 75

निर्देश : (*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिसके खण्ड (अ) में रिक्त स्थानों की पूर्ति संबंधी प्रश्न, खण्ड (ब) में बहुविकल्पीय प्रश्न एवं खण्ड (स) में उचित संबंध जोड़ने संबंधी प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

(*iv*) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग 50 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं।



http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



(vi) प्रश्न क्रमांक 16 निबंध लेखन से संबंधित है। इसका उत्तर लगभग 250 से 300 शब्दों में लिखिए। इसमें 8 अंक निर्धारित है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 17 एवं 18 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। इनके उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक निर्धारित हैं।

---

प्रश्न-1 (खण्ड-अ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

(i) नर्मदा कुण्ड से लगभग 6 किलोमीटर दूर —— ऋषि की तपस्या भूमि है।

(ii) 'जीवन में सूखा' कविता की भाषा —— के अनुरूप है।

(iii) भारत में जनतंत्र की स्थापना के लिए —— का अभिषेक करना चाहिए।

(iv) माँ अपनी पुत्री को —— में झाँकने की शिक्षा देती है।

(v) चित्त को प्रभावित करने वाला गुण —— होता है।

(खण्ड-ब) सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

(i) कौन-सी बीमारी का इलाज डॉक्टरों के पास नहीं होता ?

(अ) कॉलरा (ब) पीलिया

(स) टैक्स (द) मलेरिया

(ii) 'दिमाग चकराने लगना' मुहावरा का अर्थ है :

(अ) क्रोधित होना (ब) मन नहीं मानना

(स) परवाह न करना (द) कुछ समझ में नहीं आना

(iii) 'कल्लोलिनी' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है ?

(अ) अग्नि (ब) नदी

(स) वन (द) जल



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



(*iv*) खिड़की से लेखक को सर्वप्रथम क्या दिखाई दिया ?

(अ) पेड़ का ठूँठ (ब) पहाड़ की चोटी

(स) गहरी घाटी (द) बाँझ का पेड़

(*v*) 'गृह-प्रवेश' के कवि के मन की व्यथा क्या है ?

(अ) अकेलापन (ब) गरीबी

(स) बेरोजगारी (द) घर की कमी

**( खण्ड-स )** उचित संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| | ( क ) | | ( ख ) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | अरुण | - | एच. एच. मुनरो |
| (*ii*) | शक्ति की अराधना | - | केदारनाथ अग्रवाल |
| (*iii*) | गोधूलि | - | पुरस्कार |
| (*iv*) | युग की गंगा | - | भगवती लाल सेन |
| (*v*) | ये जिनगी फेर चमक जाए | - | जँवारा |

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-2** माटीवाली का एक रोटी को छिपा देना उसकी किस मन:स्थिति की ओर संकेत करता है ? http://www.cgboardonline.com [2]

**प्रश्न-3** निम्नलिखित के समास-विग्रह कर समास के नाम लिखिए : [1+1=2]

(*i*) नीलाम्बर (*ii*) त्रिभुवन

**प्रश्न-4** द्विवेदी युग के दो प्रमुख साहित्यकारों के नाम लिखकर उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए। [1+1=2]



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



प्रश्न-5 'तुरतुरिया' नामक स्थान क्यों प्रसिद्ध है? [2]

प्रश्न-6 प्रेम की प्रिय भूमि को अधिक उपजाऊ क्यों बताया गया है? [2]

प्रश्न-7 रीतिकाल की तीन विशेषताएँ लिखिए। [3]

प्रश्न-8 "जिसकी नौकरी छूट चुकी हो, उसके लिए नौ रुपये नौ सौ से कम नहीं होते।" लेखक ने ऐसा क्यों कहा है? [3]

प्रश्न-9 वीरनारायण सिंह में कौन-से मानवीय मूल्य दिखते हैं, जो उन्हें अद्वितीय सिद्ध करते हैं? [3]

प्रश्न-10 लेखिका ने ईश्वर की तुलना बूढ़े आदमी से क्यों की है? लिखिए। [3]

प्रश्न-11 नर्मदा सूख जाएगी तो हमलोग कैसे बच सकेंगे? वनवासी स्त्री द्वारा यह बात क्यों कही गई? लिखिए। [4]

*अथवा*

'बादल को घिरते देखा है' कविता के प्रकृति-चित्रण को अपने शब्दों में लिखिए।

प्रश्न-12 'जनतंत्र का जन्म' पाठ के आधार पर लोकतांत्रिक देश में जनता को जागरूक होना क्यों आवश्यक है? [4]

*अथवा*

फैक्टरी में काम करते हुए घायल / दुर्घटनाग्रस्त (दिव्यांग) मजदूरों के प्रति मालिकों की क्या-क्या जिम्मेदारियाँ होनी चाहिए? लिखिए।

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-13** 'जीवन का झरना' कविता में मानव का मृत हो जाना क्यों और कब बताया गया है? लिखिए। [4]

*अथवा*

आज की परिस्थितियों में एक आदर्श व्यक्ति के जीवन की क्या-क्या विशेषताएँ हो सकती हैं? लिखिए।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

**प्रश्न-14** निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या कीजिए : [4]

अजहूँ न निकसे प्रान कठोर
दरसन बिन बहुत दिन बीते, सुंदर प्रीतम मोर
चारि पहर चारो जुग बीते, रैनि गँवाई भोर
अवधि गई अजहूँ नहिं आए,
कतहुँ रहे चितचोर
कबहूँ नैन निरखि नहिं देखे,
मारग चितवत तोर
दादू ऐसे आतुर विरहिनि
जैसे चंद चकोर।

*अथवा*

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



बसो मोरे नैनन में नंदलाल।

मोहनी मूरति सांवरि सूरति,

नैणा बने बिसाल।

अधर सुधारस मुरली राजत,

उर बैजंती-माल॥

छुद्र घंटिका कटि तट सोभित,

नूपुर सबद रसाल।

मीरा प्रभु संतन सुखदाई,

भगत बछल गोपाल॥

प्रश्न-15 मरिया प्रथा ने सिकुमार की जिन्दगी को किस तरह बदल दिया? [4]

http://www.cgboardonline.com

*अथवा*

विवाह पूर्व लड़की की मायके के प्रति कैसी जिम्मेदारी होती है और विवाह पश्चात् ससुराल में उसके क्या-क्या दायित्व होते हैं? लिखिए।

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न-16 निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *250-300* शब्दों में निबंध लिखिए : [2+4+2=8]

(*i*) जीवन में खेलों का महत्व

(*ii*) महँगाई की समस्या

(*iii*) विकास के पथ पर : छत्तीसगढ़

(*iv*) समय का सदुपयोग

(*v*) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com


प्रश्न-17 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा गद्यांश के अंत में दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

"धर्म एक व्यापक शब्द है। इसमें संसार के प्रति सद्भावना निहित होती है। मज़हब, मत, पंथ या सम्प्रदाय धर्म के सीमित रूप हैं। संसार के सभी धर्म मूल रूप से एक ही हैं। सभी धर्म संसार के सभी प्राणियों के साथ उचित व्यवहार सिखाते हैं। ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं है। सभी प्राणियों में एक प्राण स्पंदन होता है। उनके रक्त का रंग भी एक ही है। सुख-दु:ख का भावबोध उनमें एक जैसा है। आकृति और वर्ण, वेशभूषा और रीति-रिवाज तथा नाम ये सभी ऊपरी वस्तुएँ हैं। ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है और इंसान ने बनाया है धर्म या मज़हब को। ध्यान रहे, मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मज़हब दूसरा कोई नहीं। यह मिलना सिखाता है, अलगाव नहीं। यह प्रेम सिखाता है, घृणा नहीं। यह सोच को उदार बनाता है, अनुदार नहीं।"

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :*

(*i*) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। [1]

(*ii*) धर्म में संसार के प्रति कैसा भाव निहित होता है? [1]

(*iii*) संसार के सभी धर्मों के रूप को एक जैसा क्यों बताया गया है? [1]

(*iv*) सभी प्राणियों में किस आधार पर समानता दिखाई देती है? [1]

(*v*) इंसानियत का धर्म व्यक्ति को क्या-क्या सिखाता है? [1]

(*vi*) विलोम शब्द लिखिए—धर्म, प्रेम, उदार, उचित। [1]


http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com



**प्रश्न-18** आपका नाम अतुल है। आप नगरपालिका भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में रहते हैं। आप अपने क्षेत्र में फैली महामारी के रोकथाम हेतु नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए। [1+1+2+1=5]

*अथवा*

अच्छे साहित्य के अध्ययन से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अपने छोटे भाई को एक प्रेरक पत्र लिखिए।

———

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

**http://www.cgboardonline.com**

**Whatsapp @ 9300930012**
**Your old paper & get 10/-**
**पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,**
**Paytm or Google Pay से**

http://www.cgboardonline.com